an>

Title: Need to conduct fresh survey for construction of Kumhariya Canal in Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला टोंक के तहसील उनियारा के ग्राम इस्लामनगर के कुम्हारिया नहर की दांयी नहर की कुल लंबाई 115 चैन स्वीकृत हुई थी, जिसका वाटर कोर्स इस्लामनगर तक जाता है। इस्लामनगर में इसकी 126.74 हैक्टेयर में सिंचाई होती है और वाटर कोर्स की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है। इस वाटर कोर्स को गुलाबी रंग में अंकित किया गया है। इसमें से 26 चैन नहर पक्की और लगभग 55 चैन तक मिट्टी की बनी हुई है। इसमें 1.7 किलोमीटर कार्य किया गया है, परंतु शेष 1.30 किलोमीटर भाग वन क्षेत्र में होने के कारण अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है।

महोदया, हमारी यशस्वी मुख्य मंत्री, मुख्य मंत्री जल स्वावलंबन योजना से पूरे प्रदेश में पानी की बूंद-बूंद बचाने की कोशिश कर रही हैं और मेरे क्षेत्र में इसके बगैर काम नहीं चल सकता है। वहां करीब पांच हजार एकड़ जमीन है, जहां किसान को सिर्फ पानी मिलता है, तभी सिंचाई कर पाता है। अबकी बार हमें दो टीएमसी पानी देना था, लेकिन नहीं दे पाए। आज किसान की फसल का झड़ाव भी नहीं हुआ है और उस बेचारे को मुआवजा भी नहीं मिला है।

इसलिए मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि माननीय मंत्री जी इसका पुनः सर्वे कराकर नहर की स्वीकृति का स्टेटमेंट बनवाकर नहर को बनाने की स्वीकृति दें, जिससे मेरे आस-पास के सभी गाँवों को सिंचाई का लाभ मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।